


अध्याय–6

# सिंचाई के साधन



दानिश और शारा दीपावली की छुट्टियों में नाना–नानी के घर गए। एक दिन वे दोनों घूमते हुए खेतों की ओर चले गए। धान के हरे–भरे खेतों को देखकर उन्हें काफी अच्छा लग रहा था। थोड़ा आगे बढ़ने पर उन्होंने देखा कि सारे खेत हरे–भरे नहीं थे। कुछ खेतों की जमीन सूखी थी। शारा बोली– ''देखो, ये जमीन तो बिल्कुल सूखी है, इस पर तो कुछ नहीं उग रहा।'' दानिश बोला– ''ठीक कह रही हो।'' शारा बोली– ''जब हम गर्मी में आए थे तब भी खेत सूखे थे, जमीन में दरारें पड़ रही थीं।'' दानिश ने कहा– ''लेकिन तब तो कुछ भी हरा नहीं दिखता था, सिर्फ कुछ पेड़ थे।''





दानिश– ''देखो शारा, कुछ खेतों में तो पानी भरा है, जैसे पानी बरसा हो – ऐसा क्यों?

शारा – ''चलो नानाजी से पूछते हैं।''

दानिश– ''नानाजी पिछले एक दो दिनों में तो बारिश नहीं हुई फिर भी कुछ खेतों में पानी भरा है जबकि कुछ खेतों की जमीन बिल्कुल सूखी है। ऐसा क्यों?''

नानाजी– ''लगता है उन खेतों में सिंचाई नहीं हुई है।''

शारा– ''नानाजी, खेतों में सिंचाई की आवश्यकता क्यों पड़ती है?''

नानाजी– ''पौधों को फलने–फूलने एवं बढ़ने के लिए पानी की आवश्यकता पड़ती है। कुछ पौधों को ज्यादा पानी की जरूरत होती है तो कुछ पौधों को कम। जब कभी खेतों में वांछित मात्रा से पानी कम जाता है तो उसमें विभिन्न साधनों से सिंचाई कर पानी पहुँचाते हैं।''

शारा बोली– ''धान के पौधे को इतना पानी कहाँ से मिलता है?''

नानाजी ने बताया– ''आमतौर पर धान के बीज वर्षा के मौसम में बोए जाते हैं। वर्षा का पानी खेतों में इकट्ठा हो जाता है, जो धान की फसल के लिए उपयोगी होता है। जब पानी की कमी हो जाती है तो हम सिंचाई के द्वारा पानी की व्यवस्था करते हैं। हमारे गाँव में इसके लिए सरकार ने कई कुएँ खुदवाए हैं जिसमें मोटर पम्प लगाकर किसान खेतों तक पानी पहुँचाते हैं।''



कुएँ में लगा मोटर पम्प

अपने माता–पिता, दोस्तों, शिक्षक व आस–पास के लोगों से चर्चा कीजिए और इस तालिका को पूरा कीजिए।



| कौन सी फसल को ज्यादा पानी चाहिए | यह किस मौसम में बोयी जाती है | कौन सी फसल को कम पानी चाहिए | यह किस मौसम में बोयी जाती है |
|---|---|---|---|
| ———————— | ———————— | ———————— | ———————— |
| ———————— | ———————— | ———————— | ———————— |
| ———————— | ———————— | ———————— | ———————— |

यह बताइए कि बारिश के अलावा इन फसलों को पानी कहाँ से प्राप्त होता है?

————————————————————————————————

————————————————————————————————


**निश्चित अन्तराल पर खेतों को विभिन्न साधनों की सहायता से पानी उपलब्ध कराना सिंचाई कहलाता है।**

आपके आस–पास जिन साधनों द्वारा फसलों को पानी प्राप्त होता है उनमें से किन्हीं दो साधनों के चित्र बनाकर नाम लिखिए।

चित्र में सिंचाई के अलग–अलग साधनों व इनके उपयोगों को दर्शाया गया है।



**रहट**



**नलकूप**



**नहर**

परम्परागत रूप से लोग नदियों, तालाबों एवं कुओं से सिंचाई करते थे। पानी की बढ़ती जरूरत सिंचाई के अन्य साधनों के आविष्कार का आधार बना। नलकूप जैसे सिंचाई के नए साधन खोजे गए।



**पईन**



**पता कीजिए और बताइए–**

आपके गाँव में सिंचाई के कौन–कौन से साधन हैं?

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

इनमें से कौन से साधन परम्परागत हैं, नाम लिखिए।

______________________________________________

______________________________________________

सिंचाई के आधुनिक साधनों के नाम के लिखिए।

______________________________________________

______________________________________________